प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा।
2. प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हुए शामिल : कहा–विकसित भारत–विकसित राज्य के लक्ष्य को प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश देगा अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान।
3. ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विद्युत आपूर्ति बहाली में आ रहे व्यवधानों को दूर करने के दिये निर्देश : कहा– 24 घंटे संचालित किये जायें कंट्रोल रूम। और
4. दक्षिणी पश्चिमी मानसून 8 दिन पहले पहुंचा केरल : मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले दो दिनों में बारिश और तेज हवाएं चलने की जताई संभावना।

————————

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी

समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से कहा है कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप तथा सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराते हुए प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें। आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने एक राज्य वैश्विक गंतव्य पर जोर देते हुए कहा कि इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। उन्होंने भविष्य के लिये तैयार शहरों की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, के साथ अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में 2047 तक विकसित भारत के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा की गई। श्री योगी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विकसित भारत–विकसित राज्य के लक्ष्य

की सिद्धि मं नए भारत का नया उत्तर प्रदेश अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

———————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित लांस नायक अल्बर्ट इक्का को स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने 1971 के भारत–पाक युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट.....

*1942 में रांची में जन्मे लॉस्क नायक एल्बर्ट एक्का का दिसम्बर 1962 में 14 गार्ड्स में भर्ती हुए थे। 1971 में भारत पाकिस्तानी युद्ध के दौरान 14 गार्ड्स को पूर्वी क्षेत्र में अगरतला से साढे छह किलोमीटर पश्चिम में गंगा सागर में एक पाकिस्तानी ठिकाने पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। 14 गार्ड्स ने दुश्मन के ठिकानों पर हमला किया और हमलावर भारतीय सैनिकों पर दुश्मनों की ओर से छोटे हथियारों से भारी गोलीबारी की गई। लॉस्क नायक एका ने देखा कि एक दुश्मन की मशीनगन बंकर से घातक गोलीबारी कर रही थी। जिससे उनकी कंपनी को भारी नुकसान हो रहा था। अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने बंकर पर हमला किया और दुश्मन के दो जवानों को मार गिराया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद लॉस नायक अल्बर्ट एका ने दुश्मन के बंकर पर आक्रमण जारी रखा। जब वह अपने साथियों के साथ लक्ष्य के उत्तरी छोर पर पहुंचे तो एक इमारत से दुश्मन ने मशीनगन से गोलीबारी की जिससे भारी नुकसान हुआ। एक बार फिर लॉस नायक एल्बर्ट एक्का आगे बढते हुए इमारत में रैंगते हुए गए और बंकर पर एक ग्रेनेट फैंका जिससे एक दुश्मन सैनिक मारा गया और दूसरा घायल हो गया। जिससे इनकी कंपनी को और अधिक हताहत होने से बचाया गया और सफलता सुनिश्चत हुई। युद्ध के दौरान लगी चोटों के कारण लॉन्स लायक एल्बर्ट एका शहीद हो गए। विशिष्ट वीरता और दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करने के*

*लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के सम्मान में देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में आज वाराणसी, कुशीनगर और अमरोहा में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। वाराणसी में आयोजित तिरंगा यात्रा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने भाग लिया। कुशीनगर के बनकटा बाजार और अमरोहा के धनौरा में तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाये।

———————————

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से सशस्त्र बलों ने देश का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया है, भारत विश्व महाशक्ति के रूप में उभरा है। श्री मौर्य ने वाराणसी में मीडिया से बात करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जहां पूरा देश गौरवान्वित है, वहीं विपक्ष के कुछ नेता नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। बाइट...

*देश की सेनाओं ने देश के एक सौ चालीस करोड़ लोगों का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया है। भारत की जय जय कार हो रही दुनिया में हम आर्थिक रूप से तो समृद्धशाली बन ही रहे थे लेकिन सामरिक दृष्टि से भी*

*विश्व की एक महाशक्ति के रूप में भारत उभरा है। चाहे सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर तीनों में तिरंगे का मान बढ़ा है। सम्मान बढ़ा है देश गर्व कर रहा है।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि पूरे भारत में लगभग एक लाख छात्रों को निःशुल्क एआई प्रशिक्षण दिया जाएगा। आज नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि आगामी स्किलिंग फॉर रेडीनेस एआई कार्यक्रम के अंतर्गत मॉड्यूल बनाए गए हैं और जल्द ही कक्षा 6 से 12 के छात्रों के लिए शुरू किए जाएंगे।

समिट में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम किया है।

——————————

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिये प्रयासरत है। उन्होंने सभी डिस्कॉम के एमडो, डायरेक्टर टेक्निकल को आंधी, तूफान, बारिश और पेड़ गिरने से प्रभावित विद्युत आपूर्ति को युद्धस्तर पर सुधारने के निर्देश दिये हैं। श्री शर्मा ने कहा कि अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल स्थलीय भ्रमण कर विद्युत व्यवधानों को दूर करायें। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत आपूर्ति बहाली में आ रहे व्यवधानों को दूर करने के कार्यो की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बिजली से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिये सभी डिस्कॉम, जोन और जिले स्तर पर 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम स्थापित करायें जाये।

——————————

गौतमबुद्धनगर में काविड का पहला मामला सामने आया है। 55 वर्षीय एक महिला में करोना के लक्षण मिलने के बाद कराई गई आरटीपीसीआर जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। सीएमओ नरेन्द्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मरीज मं कोरोना के हल्के लक्षण है, उन्हें घर में ही आईसोलेट किया गया है। परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच के लिये सैम्पल लिया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। सभी अस्पतालों को

कोरोना के लिये बेड आरक्षित करने और ऑक्सीजन का पर्याप्त स्टॉक रखने के लिये कहा गया है। कोरोना से संबंधित एडवाइजरी भी जारी की जा रही है। बाइट....

*इसमें किसी बहुत ज्यादा पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। एक केस पॉजिटिव आया है साथ ही हम पूरे जनता को गौतमबुद्ध नगर की ये संदेश देना चाहेंगे कि पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है परन्तु मास्क का इस्तेमाल सैनिटाइजर का इस्तेमाल अवश्य करें लोगों से डिस्टेंस बना के रखें।*

प्रदेश में अब तक कोरोना के पांच मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें चार गाजियाबाद के हैं।

————————

रानी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर में 21 से 31 मई तक स्मृति अभियान चला रही है। इसी क्रम में आज आगरा के भाजपा ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर उनकी स्मृति में जिला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्‌घाटन केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित सुशासन, सामाजिक सुधारों और महिला सशक्तिकरण को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

————————

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब किंग्स का सामना डेल्ही कैपिटल्स से हो

रहा है। दोनों टीमें प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

—————————

दक्षिण–पश्चिम मानसून पिछले 16 वर्षों में पहली बार आज केरल में अपनी निर्धारित तिथि से आठ दिन पहले पहुंच गया है। केरल में मॉनसून सामान्य रूप से पहली जून तक पहुंचता है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी जिलों में अगले दो दिनों में कहीं–कहीं पर बारिश, गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश में अट्ठारह जून से मानसून का आगमन होता है अभी उसमें समय है फिलहाल आने वाले मौसम की बात करें तो पूर्वी हवाओं का आगमन प्रदेश में बना हुआ है जो हमारा तराई बेल्ट है और जो हमारा पूर्वी उत्तर प्रदेश में है गरज चमक के साथ छिटपुट बारिश एवं तेज हवाओं का चलन फिलहाल आने वाले अगले दो तीन दिनों में रहेगा तीन दिनों के बाद मौसम में फिर से बदलाव होगा और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी तेज हवाओं का चलन रह सकता है।*

(समाप्त)